शराब के नशे में टैक्सी कार दौड़ा रहा चालक आया इंटरसैप्टर की सतर्क चेकिंग की चपेट में,हुआ गिरफ्तार कार सीज

ड्राईविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की हुई कार्यवाही

श्री देवेन्द्र पींचा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा समस्त थाना/चौंकी प्रभारियों/निरीक्षक/उ0नि0 यातायात/प्रभारी इंटरसेप्टर को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले/ओवरलोड/ओवर स्पीड/रैश ड्राइविंग एवं मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

आज दिनांक 27/07/2024 की सीओ अल्मोड़ा श्री विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व इंटरसैप्टर प्रभारी श्री सुमित पाण्डे द्वारा मय हमराह कानि0 श्री ललित बिष्ट,होमगार्ड श्री रविन्द्र बिष्ट के लिंक रोड पर चेकिंग की जा रही थी,इस दौरान वाहन सं0- UK01TA 5151 आल्टो कार को चैक किया गया, जिसका चालक महेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी कोसी अल्मोड़ा शराब के नशे में पाया गया। चालक को मोटरवाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया।